दिनांक 19.07.2021

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

डेंगू नियंत्रण एवं रोकथाम तथा मच्छर उन्मूलन के तहत भिलाई निगम क्षेत्र में हो रही है प्रतिदिन फाॅगिंग

भिलाईनगर / निगम भिलाई के स्वच्छता कर्मचारी वार्ड क्षेत्रों के सकरी गली मोहल्लों में हैंड स्प्रे से फाॅगिंग कार्य में जुटे हुए हैं तथा बड़े क्षेत्रों में व्हीकल माउंटेन से फागिंग कर रहे हैं ताकि मच्छरों का उन्मूलन किया जा सके। एडल्ट मच्छर का सफाया करने के लिए फागिंग जैसे महत्वपूर्ण कार्य को निगम द्वारा किया जा रहा है! विदित है कि संतोषी पारा में मच्छरों को घेरकर सफाया करने के लिए अभियान के तहत फागिंग किया गया था , जिसमें निगम को डेंगू नियंत्रण करने में सफलता मिली थी! डेंगू नियंत्रण एवं रोकथाम के लिए साल भर से निगम ने अपनी गतिविधियां जारी रखी है! मच्छर उन्मूलन के तहत हर स्तर पर कार्य किया जा रहा है! नागरिकों द्वारा सतर्कता के साथ ही जागरूकता एवं सावधानी रखें तो डेंगू जैसी बीमारी नजदीक नहीं आ पाएगी! डेंगू बीमारी से बचाव हेतु मच्छरों के प्रकोप के रोकथाम करने शहर के वार्डों में फाॅगिंग कार्य किया जा रहा है। निगम क्षेत्र के नालियों व जलजमाव वाले स्थानों में मलेरिया ऑयल का छिड़काव किया जा रहा है! मच्छरों का खात्मा करने के लिए निगम प्रशासन अल सुबह एवं शाम को हैन्ड स्प्रे व व्हीकल माउंटेन वाहन के माध्यम से धुआं छोड़कर फाॅगिंग करा रही है। डेंगू मच्छर के लार्वा को नष्ट करने के लिए टेमीफास् का वितरण एवं रिफिलिंग किया जा रहा है! टीम वार्डों में घर-घर जाकर गमले , टायर व घर में रखे अनुपयोगी पात्रों में जमा पानी का निरीक्षण कर रहे हैं। साथ ही डेंगू जैसी बीमारी से बचाव के लिए जागरूकता प्रसारित कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने डेंगू नियंत्रण को लेकर लगातार गतिविधियां जारी रखने के निर्देश अधिकारियों को दिए है! भिलाई निगम क्षेत्र के वार्ड 25 संतोषी पारा, वार्ड 3 नेहरू नगर ईस्ट शास्त्री पार्क के आस पास, वार्ड 12 कॉन्ट्रेक्टर कॉलोनी, झंडा बोरिंग लाइन, बजरंग चौक सरदार गली , ट्रांसफार्मर गली, धर्मेंद्र किराना स्टोर लाइन व आसपास गली , हनुमान मंदिर, सुजल किराना दुकान, विनय पब्लिक स्कूल तक विभिन्न गलियां , जायसवाल किराना के पीछे लाइन , मटन मार्केट के पीछे, लक्ष्मी नगर, वार्ड 4 कृष्णा नगर मनल वर्मा वाली लाइन , अनसुल आटा चक्की के पास शत्रु हन प्रसाद वाली लाइन , वार्ड 14 जवाहर नगर, एचडीपी आवास एरिया, नेहरु नगर ईस्ट, तिलक गार्डन के आस पास, वार्ड 33 क्रांति मार्केट, आदर्श नगर, पंप हाउस लाइन, ओशो पब्लिक स्कूल लाइन, ज्योति किराना स्टोर लाइन , सड़क नंबर 6 गजानंद गली, वार्ड 6 सुपेला बाजार, हार्डवेयर लाइन, छिंदी लाइन, देवांगन टेलर लाइन, राज स्टील लाइन, वार्ड 9 कोहका आर्य नगर, राधा कृष्ण मंदिर, कोसानगर, प्रगति नगर, दोना पत्तल लाइन, गल्ला मार्केट, नेहरू भवन के पीछे लाइन , घासीदास नगर, मजार लाइन, बिहारी मोहल्ला, निराला गली, गणेश चौक, कोहका किरपाल नगर , रामनगर, गुरु नानक नगर , बाबा दीप सिंह नगर इत्यादि स्थानों पर फागिंग किया गया!

जनसम्पर्क अधिकारी